मुख्य क्रियाकलाप और उपलब्धियां

(सितंबर- 2021)

1. **फ्लैगशिप कार्यक्रमों की प्रगति:**

1.1 लगभग 1.5 लाख आयुष्मान भारत- स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों (एबी- एचडब्ल्यूसी) के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया है। इनमें से 78069 स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र दिनांक 29 सितंबर, 2021 तक कार्यशील हो चुके हैं।

2. **वैधानिक और विनियामक उपाय:**

2.1 सितंबर, 2021 में, स्वास्थ्य संपूरकों, न्यूट्रास्यूटिकल्स, विशेष आहार हेतु खाद्यान, विशेष चिकित्सीय उद्देश्य हेतु खाद्यान, कार्यशील खाद्यान एवं नवीन खाद्यान, बहु-स्त्रोतिय खाद्य तेल की लेबलिंग के संदर्भ में लेबलिंग एवं प्रदर्शन और स्वीटनर्स के लिए लेबलिंग की जरूरत में संशोधन, सूक्ष्म पोषक तत्वों की टोलरेंस की सीमाएं, शाकाहारी भोजन, बिक्री हेतु विनिर्माण, ब्रिक्री भंडारण और प्रदर्शन, पान मसाला उत्पादों के लेबल पर चेतावनी तथा विभिन्न ब्रेड्स की नामावली, गैर विनिर्दिष्ट खाद्यान एवं खाद्यान घटकों और नवजात शिशुओं के पोषण संबंधी खाद्यानों के अनुमोदन के संबंध में खाद्य सुरक्षा और मानक संशोधन विनियम, 2021 अधिसूचित किए गए।

3. **इंडो- यूएस स्वास्थ्य वार्ता**

3.1 भारत द्वारा चौथी इंडो- यूएस स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन दिनांक 27-28 सितंबर, 2021 को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली में किया गया। चौथी इंडो- यूएस स्वास्थ्य वार्ता के दौरान निम्न दो एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए:

(i). स्वास्थ्य और जैव- चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेज ऑफ यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

(ii). चैन्नई, भारत में इंटरनेशनल सेंटर फॉर एक्सेलेंस एंड रिसर्च (आईसीईआर) के संबंध में सहयोग के लिए आईसीएमआर और एनआईएआईडी (एनआईएच) के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

4. **विविध**

4.1 माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने दिनांक 17 सितंबर, 2021 को विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के अवसर पर एकीकृत आरएमएनसीएएच+ एन परामर्शिका मैन्यूल जारी किया।

4.2 राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के 15वें दौर के क्रियाकलाप प्रगति पर हैं। इनमें राष्ट्रव्यापी महामारी और तत्पश्चात् लॉकडाउन की स्थिति के कारण विलंब हुआ। अनुमानत: 6.09 लाख परिवारों के नमूनों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। एनएफएचएस- 5 के अतंर्गत परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्रजनन, कुछ संचारी और गैर- संचारी रोगों आदि के मुख्य क्षेत्रों के संबंध में सूचना एकत्र की गई है। आईआईपीएस ने माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री की उपस्थिति में दिनांक 1 सितंबर, 2021 को एनएफएचएस- 5 के मुख्य निष्कर्षों

और इसकी नीतिगत प्रासगिंकता के संबंध में एक प्रस्तुति दी। एनएफएचएस- 6 के प्रारंभिक क्रियाकलाप भी शुरू हो चुके हैं।

4.3 राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीपीसीडी) के अंतर्गत दिनांक 24.09.2021 से 29.09.2021 की अवधि के दौरान अतंर्राष्ट्रीय बधिर जन सप्ताह मनाया गया। माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 24.09.2021 को केंद्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो द्वारा हाइब्रिड मोड में एक संघोष्ठि का भी आयोजन किया गया।

4.4 माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के दिनांक 18.09.2021 के अ.शा. पत्र के माध्यम से राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के सभी मुख्य मंत्रियों और उप- राज्यपालों से अनुरोध किया गया है कि वे विद्यालयों में सीओटीपीए, 2003 के प्रावधानों को सख्ती से कार्यान्वित करें।